शिविर में जांचा बच्चों का स्वास्थ्य

भास्कर न्यूज. खरखौदा

सैदपुर गांव में चौपाल संस्था के माध्यम से एक विशेष स्वास्थ्य जांच मेले का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य जांच मेले में चौपाल संस्था के संस्थापक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डा. राजेंद्र टोंक ने कहा कि ग्रामीण आंचल में बसे ग्रामीणों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने व ग्रामीणों को विभिन्न रोगों से बचाने के लिए उनकी संस्था समय समय पर विशेष जांच कैंप उन इलाकों में लगाती है, जहां पर एक्सरे, अल्ट्रासाउंड की मशीनें उपलब्ध नहीं हैं। इस कैंप के माध्यम से रोगियों की सेवा की जाती है और रोगियों के रोगों को दूर किया जाता है।

सभी को मुफ्त में दवा व आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस मौके पर चिकित्सक डा. राजेंद्र टोंक ने कहा कि सैदपुर, कुंडल, रामपुर, जटौला, हलालपुर, पिपली सहित विभिन्न गांवों से सैकड़ों ग्रामीणों ने चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। राजेंद्र टोंक ने ग्रामीणों को संबोधित किया कि खाना खाने से पहले सभी को अपने हाथ अच्छी तरह से साफ करने चाहिए। महिलाओं व बच्चों को अपने आहार पर पूर्ण रूप से ध्यान देना चाहिए। कैंप की संचालिका डा. मोनिका पूरी का कहना है कि स्वच्छता जहां पर होगी, वहां पर बीमारियां नहीं होंगी। इसलिए हमें अपने आस पास का वातावरण स्वच्छ रखना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को अपने खान पान पर पूरा ध्यान देना चाहिए। संतुलित आहार एवं हरी सब्जियां अधिकाधिक खानी चाहिए। गर्भवती महिलाओं को एकदम भरपेट खाना नहीं खाना चाहिए, बल्कि थोड़े-थोड़े समय के बाद आहार लेना चाहिए। इस मौके पर चिकित्सक ऋषि आनंद, अतुल, विवेक, उपेंद्र सिंह, रुचि सिंह, अशोक, हरेंद्र सिंह, दिजेंद्र, मुकेश, किशन सिंह, जयपाल, सुखदेव सिंह, प्रमोद सिंह सहित विभिन्न चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

फोटो : भास्कर

खरखौदा. सैदपुर गांव में कैंप के दौरान विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करती चिकित्सक।